हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शनिवार, 26 अक्टूबर 2024
[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]

www.prithvidevelopers.in

Follow us on:

इस त्यौहार
## अपना घर
## अपना द्वार

छत्तीसगढ़ की विश्वसनीय रियल एस्टेट कंपनी
पृथ्वी डेवेलपर्स के शानदार प्रोजेक्ट्स
अशोका ग्रीन्स, अशोका लैंडस्केप्स एवं
लाइफस्टाइल 2.0 हैं



*निवास एवं निवेश के लिए तैयार!*

**त्यौहार का लाभ उठाएं**
**रजिस्ट्री पर 50% की छूट पाएं**

ASHOKA GREENS
हल्बा कचोरा, आदेश्वरी एकेडमी के पास, जगदलपुर

ASHOKA LANDSCAPES
मारकेल, नगरनार मार्ग जगदलपुर

lifestyle 2.0
धरमपुरा, नंबर 3, अशोका लाइफस्टाइल


### ज़िन्दगी में लाएं त्योहारों सी रौनक
अशोका ग्रीन्स के रेडी पज़ेशन 3 BHK स्वतंत्र बंगले मात्रा 10% के डाउन पेमेंट पर बुक कीजिये और पाइये 90% तक का तत्काल लोन

### सुकून ज़िन्दगी भर के लिए...
अशोका लैंडस्केप्स में निवास या निवेश के लिए 600 से 3000 स्क्वायर फ़ीट तक के आवासीय प्लॉट्स बुक कीजिये वो भी 90% लोन के साथ

### प्रीमियम प्लॉट्स @ प्राइम स्पॉट
प्रीमियम आवासीय प्लॉट का शानदार प्रोजेक्ट लाइफस्टाइल 2.0. में आज ही बुक कीजिये अपना पसंदीदा प्लाट ... ऑन दी स्पॉट !

RERA No.: PCGRERA250518000017
RERA No.: PCGRERA151119001065
RERA NO.: PCGRERA261222001573

PRITHVI DEVELOPERS
जैन मंदिर रोड, जगदलपुर

बुकिंग के लिए संपर्क करें
91742 00100
91742 00200

## खबर संक्षेप



### आदिवासी समाज के सामाजिक भवन का किया गया भूमिपूजन

**केशकाल।** आदिवासी समाज के सामाजिक भवन का भूमि पूजन आज किया गया। देवचंद मतलाम अध्यक्ष जिला पंचायत कोंडागांव के कर ने भूमिपूजन किया। श्री मतलाम ग्राम के युवा और युवतियों से श्रम दान करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि समाज भवन बड़ा बन सके और सभी वर्गों के उपयोग में आ सके। समाज प्रमुख के उपस्थिति में पूजा अचना कर भूमि पूजन हुआ। इस दौरान सारिदा नाग सरपंच खिलेश्वर शोरी जिला अध्यक्ष किसान कांग्रेस कोंडागांव, नीरा ध्रुव जपं सदस्य काशी राम सलाम समाज प्रमुख राय सिंह नेताम, प्रेम सागर नाग चिंता नेताम पूर्व सरपंच चिंता पटेल विष्णु गावरे रामेश्वर ध्रुव सहदेव मरकाम ग्राम के गायता पुजारी मांझी व सैकड़ों में ग्रामवासी मौजूद रहे।

### पेड़ से टकराई बाइक, चालक ने मौके पर ही तोड़ दिया दम



**फरसगांव।** ब्लाक के बड़ेडोंगर थाना क्षेत्र के लाटापारा में शकुवार को सड़क हादसे में एक बाइक चालक युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना आरंभ कर दी है। जानकारी अनुसार बड़ेडोंगर लाटापारा निवासी तेजलाल नेताम पिता बलराम नेताम उम्र 22 वर्ष शुक्रवार को दोपहर करीब 12:30 बजे अपनी बाइक में सवार होकर खेत से घर जा रहा। इस दौरान लाटापारा में पेड़ से टकरा गया। टक्कर इतनी जबरस्त थी कि उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर सूचना पर बड़ेडोंगर थाना पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर मर्ग कायम कर जांच पंचनामा किया। जांच पंचनामा के बाद शव का फरसगांव के चीरघर में पोस्टमार्टम किया गया। पीएम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर विवेचना कर रही है ।

## लंबित अपराधों के निराकरण व बेहतर पुलिसिंग के लिए ली क्राइम मीटिंग

# विजिबल पुलिसिंग के साथ शाम और रात का करें पेट्रोलिंग: एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

एसपी वाय अक्षय कुमार ने शुक्रवार को लंबित अपराधों के शीघ्र निकाल, अपराधों की रोकथाम तथा अ सा मा जि क तत्वों पर प्र भा वी कार्रवाई के लिए मीटिंग हाल में समस्त अनुविभागीय अधिकारी, थाना प्रभारियों की अपराध समीक्षा बैठक ली। पुलिस अधीक्षक द्वारा लंबित प्रकरणों की केस डायरी का स्वयं अवलोकन किया गया। लंबित प्रकरणों को पूर्ण कर शीघ्र निकाल के लिए दिशा निर्देश दिए गए। ऐसे अपराध जो लंबे समय से लंबित है। उनके निकाल के लिए विशेष अभियान चलाने तथा मिटिंग के दौरान लंबित समंस वारंट की तामिली शत प्रतिशत सुनिश्चित करने के निर्देश थाना प्रभारियों को दिया गया। एसपी ने कहा कि थानों में अपनी शिकायत लेकर आये फरियादियों से मित्रवत व्यवहा करें। उनकी शिकायत पर तत्काल कार्रवाई करने निर्देश दिए। जनता व पुलिस के मध्य मधुर संबंध स्थापित करने के लिए गांव–गांव जाकर चलित थाना लगाया जाए। सामुदायिक पुलिसिंग, सायबर क्राइम, एटीएम एवं बैंक फ्राड, महिला एवं बालिका सुरक्षा, यातायात नियमों का पालन कराने बाबत जागरुकता अभियान सभी थाना क्षेत्रों मेंचलाने के निर्देश दिए। असामाजिक तत्वों पर निगाह रखने एवं उन पर कार्रवाई करने के लिए सभी थाना प्रभारी एवं अनुविभागीय अधिकारियों को अपने क्षेत्र में निरंतर पेट्रोलिंग करने व त्योहारों के दौरान चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए आदेश दिए गए।

- थाने में आए फरियादियों की सुनें, गांवों में लगाएं चलित थाना



### ये रहे उपस्थित

क्राइम मिटिंग में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नक्सल आपरेशन रूपेश कुमार डाण्डे, सभी राजपत्रित अधिकारी एवं समस्त थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

# 29 प्रतिष्ठानों से खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने 126 नमूनों की जांच की और भेजे प्रयोगशाला

## रोकथाम: त्योहारों को देखते हुए मिष्ठान प्रतिष्ठानों का निरीक्षण जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

त्यौहारों के नजदीक आते ही मिठाइयों की खपत बढ़ जाती है। खपत को पूरा करने के लिए विक्रेताओं द्वारा अधिक से अधिक मिठाई बनाने व विक्रय करने गुणवत्ता के साथ लापरवाही की जाती है। इसके साथ ही बाहर से दूध व खोवा भी मंगाया जाता है, जिसमें मिलावट होने की आशंका होती है। त्योहारों को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा मिठाई दुकानों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। चलित खाद्य प्रयोगशाला के माध्यम से मौके पर मिठाइयों और अन्य खाद्य सामाग्रियों की जांच की गई। जिसमें 23 अक्टूबर को करीब 15 प्रतिष्ठानों से 65 नमूनों की जांच की गई। इसके साथ ही दूसरे दिन 24 अक्टूबर को करीब 14 प्रतिष्ठानों से 61 नमूनों की जांच की गई है। फिलहाल कहीं भी मिलावट का प्रकरण सामने नहीं आया है। परंतु अन्य पैमानों पर मिठाई की गुणवत्ता जांचने के लिए जिले के अलग अलग स्थानों से दूध, खोवा, बेसन, मैदा आदि से बनी मिठाइयों के नमूने लकर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजे गए हैं।

- मिठाइयों की गुणवत्ता की जांच की जा रही, नमूने भेजे जा रहे प्रयोगशाला



### बाहर से आए पनीर की होगी जांच, भेजा रायपुर

24 अक्टूबर को कोण्डागांव में बस के माध्यम से बाहर से आने वाले पनीर का भी नमूना लेकर जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, रायपुर भेजा गया है। साथ ही केशकाल के बीकानेरी फास्ट फूड एवं स्वीट्स से भी मिल्क केक और गुलाब जामुन का नमूना लेने की कार्रवाई की गई है। इससे पूर्व कोण्डागांव के विश्वास डेयरी, मिष्टी संजीव, रॉयल स्वीट्स एण्ड बेकरी, फरसगांव के अमृतसागर स्वीट्स, माकडी के राधे बीकानेर स्वीट्स से भी मिठाइयों के नमूने लिया गया है। जिनकी जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# फरार अंतर्राज्जीय गांजा तस्कर को फरसगांव पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव



थाना पुलिस ने फरार अंतर्राज्जीय गांजा तस्कर को पकड़ने ने सफलता हासिल की है। आरोपी अवैध गांजा का सप्लायर था। पुलिस ने उसके पास से गांजा बिक्री का रकम 3 हजार रुपए व मोबाइल बरामद किया है। थाना फरसगावं के अपराध क्रमांक 57/2024 धारा 20 (बी) ए न डी पी ए स एक्ट में 26 मई आरोपी सतीशचंद्र प्रजापति पिता प्रेमपाल सिंह प्रजापति उम्र 26 साल निवासी कोण्डरा जिला हाथरस उत्तरप्रदेश एवं शुभम सिंह पटेल पिता स्वः गया प्रसाद पटेल उम्र 26 साल निवासी लबेद, जिला चित्रकूट उत्तरप्रदेश द्वारा ट्रक क्रमांक सीजी 04 जेसी 9732 में अवैध मादक पदार्थ गांजा 1 क्विंटल 10 किलो को परिवहन करते पाये जाने से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर पूर्व में जेल भेजा गया था। प्रकरण में जब्त ट्रक का वाहन स्वामी परमेश्वर खीला घटना दिनांक से फरार था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव येदुवल्ली अक्षय कुमार के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल के मार्गदर्शन में तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी फरसगांव अनिल विश्वकर्मा के पर्यवेक्षण में थाना फरसगांव पुलिस के द्वारा विवेचना के दौरान वाहन स्वामी को पता तलाश जारी रखी। उक्त ट्रक के स्वामी परमेश्वर खीला निवासी डोरागुड़ा पालम जिला मलकानगिरी ओडिशा जो अर्तर्राजीय गांजा तस्कर को गिरफ्तार पूछताछ में अपने ट्रक मेंगांजा भर कर अवैध धंधा करना स्वीकार किया।

- गांजा बिक्री की रकम 3 हजार रुपए व मोबाइल बरामद

### कार्रवाई में ये रहे शामिल

उक्त कार्रवाई में निरीक्षक संजय सिन्दे थाना प्रभारी फरसगांव, सउनि सुरेन्द्र बघेल, पिताबर कठार, आरक्षक फरसुराम मरकाम, अजय मरकाम की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# शिक्षकों की व्यक्तिगत खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ, दौड़ में वल्लभ रहे अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

बस्तर संभाग के विभिन्न जिलों, तहसील या विकासखंड मुख्यालय में केवल शिक्षकों के लिए आयोजित प्रतियोगिता का इस वर्ष शुभारंभ प्रिय दर्शनीय स्टेडियम सुरडोंगर में व्यक्तिगत खेल महिला व पुरुष से की गई। प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन संभागीय अध्यक्ष घनश्याम सिंह नाग ने किया। इस अवसर पर करवाचौथ व्रत के कारण दो ही महिला प्रतिभागियों ने भाग लिया । गोला फेंक में प्रथम अनुराधा ठाकुर, द्वितीय सीमा ठाकुर रही। पुरूष वर्ग में गोला फेंक में प्रथम डिगेश्वर सहायक शिक्षक प्राथमिक विद्यालय तुमारी बेडमा, द्वितीय वल्लभ भाई पटेल सहायक शिक्षक कोहरापारा रहे। 200 मीटर दौड़ में प्रथम वल्लभ भाई पटेल, द्वितीय हुलास धुव्र, तृतीय डिगेश्वर, नारियल फेंक में प्रथम वल्लभ भाई पटेल, द्वितीय पुरषोत्तम निषाद रहे। कार्यक्रम को श्यामलाल कोर्राम ने संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को शिक्षकों के खेल से प्रेरणा लेकर बस्तर का नाम रोशन करने चाहिए। सभा को क्रमशः सुरेश राजौरिया, कैलाश देवांगन, घनश्याम नाग आदि ने भी संबोधित किया। श्री नाग ने कहा कि कोरोना काल में तीन वर्ष आयोजन नहीं होने के बाद भी इस वर्ष के सभी आयोजन को लेकर शिक्षक गण उत्साहित है। मुख्य अतिथि की आसंदी से रोशन जमीर ने कहा कि उम्र के इस ढलते पडाव में जब लोग घर पर बैठकर आराम कर रहे हैं। ऐसे वक्त में शिक्षक साथी इस प्रकार दौड़, गोला फेंक, क्रिकेट, वॉलीबाल, कबड्डी जैसे खेलों में जौहर दिखाएंगे। इस प्रकार के आयोजनों को सरकार सहयोग करे।



### विजेताओं को किया पुरस्कृत

प्रतियोगिता के विजेताओं के लिए पुरस्कार की व्यवस्था खण्ड शिक्षा अधिकारी सीएल मंडावी व प्रकाश साहू बीआरसी केशकाल द्वारा किया गया । कार्यक्रम का संचालन लोकेश गायकवाड़ ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे उपरोक्त सभी वक्ताओं, विजेताओं के अलावा रोशन हिरवानी, श्री टेकाम, सोयेब अली, श्री पाण्डेय आदि का सहयोग सराहनीय रहा ।

### आपदा पीड़ित वारिसों के लिए 12 लाख की आर्थिक सहायता राशि दी गई

**कोण्डागांव।** कलेक्टर कुणाल दुद्दावत ने प्राकृतिक आपदा पीड़ित के 3 प्रकरण में वारिसों को 12 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि प्रदान की है। कलेक्टर द्वारा मर्दापाल तहसील के ग्राम कुधुर निवासी महादई कश्यप की सर्पदंश से मृत्यु होने पर पति फूलचंद कश्यप को, फरसगांव तहसील के ग्राम सिरपुर निवासी चन्दरबती की आग में जलने से मृत्यु होने पर चमरीन, चमरू, आसमती, आशाराम एवं जगमति को, फरसगांव तहसील के ग्राम कारागांव निवासी छेदीलाल मरकाम की तालाब के पानी में डूबने से मृत्यु होने पर पत्नी मयाबती मरकाम को आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गयी है। उक्त स्वीकृत आर्थिक सहायता राशि सम्बन्धित वारिसों के बैंक खाते में हस्तांतरित करने के निर्देश तहसीलदारों को दिए गए हैं।

# नगर सैनिक भर्ती की लिखित परीक्षा के लिए युवतियों का विशेष प्रशिक्षण जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले की युवतियों को नगर सैनिक भर्ती की लिखित परीक्षा के लिए जिला प्रशासन, रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र मॉडल कैरियर सेंटर द्वारा सेंट्रल लाइब्रेरी में विशेष तैयारियां कराई जा रही है। परीक्षा के लिए अभ्यास 30 अक्तूबर तक चलेगा, ताकि जिले की युवतियां शत प्रतिशत सफल हो सकें। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को कोंडागांव डिप्टी कलेक्टर सुश्री निकित मरकाम द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहीं सभी युवतियों को विशेष मार्गदर्शन दिया गया। इस अवसर पर उन्होंने युवतियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि सही दिशा और सतत प्रयासों से किसी भी मंजिल को पाया जा सकता है। उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं के बदलते स्वरूप और उससे संबंधित रणनीतियों पर भी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। व्याख्याता राजेश पाण्डे एवं अंशु पाण्डे ने भी मार्गदर्शन दिया और उपस्थित युवतियों को सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक प्रेरणा दी। इस अवसर पर जिला रोजगार अधिकारी पवन कुमार नेताम एवं केकती बर्मन सहित बड़ी संख्या में युवतियां उपस्थित रही।

### सफलता दिलाना उद्देश्य

नगर सैनिक भर्ती की लिखित परीक्षा के इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवतियों को न केवल सफलता दिलाना है। बल्कि उन्हें भविष्य में अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए भी तैयार करना है। यह पहल जिले में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

## पेज 11 के शेष

### दंतेवाड़ा से बचेली सड़क...

है, लेकिन यह रोड का काम सही तरीके से पूरा नहीं कर पाए है। रोड में बड़ी-बड़ी ट्रकें, बसें, कई प्रकार की गाड़ियां चलतीं है। जिससे धूल उड़ने के कारण कुम्हाररास, गमावाड़ा, धुरली, भांसी कमेली के ग्रामीण व रोड के अगल-बगल घर वाले काफी परेशान हैं। साथ ही बाइक में सफर करने वाले लोगों की आंखें धूल के कारण बंद हो जा रही है। रोड निर्माण कंपनी द्वारा सही तरीके से पानी का छिड़काव भी नही किया जा रहा है। यदि दंतेवाड़ा या बचेली जाना है, तो लोगों को काफी परेशानियों से होकर गुजरना पड़ता है। इन सभी समस्याओं को लेकर भांसी थाने में बैठ कर चर्चा किया गया।

### पर्यटन की आड़ में तस्करी...

तलाशी लेने पर गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में उन्होंने पुलिस को गुमराह करते हुए स्वयं को पर्यटक बताते हुए बस्तर घूमने आने की बात कही। गांजा बरामद होने के बाद तीनों को गिरफ्तार कर थाने लाया गया। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम सुग्रीम सिंह नेताम उम्र 18 वर्ष10 माह, राजबली सिंह कुसरो 18 वर्ष 20 दिन तथा योगेश सिंह कुसरो 18 वर्ष 3 माह तीनों निवासी ग्राम ठाड़ी पथर थाना कुसमी जिला सीधी मध्यप्रदेश का निवासी होना बताया। आरोपियों के कब्जे से 47 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया। जिसकी अनुमानित कीमत 4 लाख 78 हजार 260 रुपए आंका गया है। आरोपियों के खिलाफ धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया।

### कनगलतोंग के जंगल में...

बीच पुलिस को भारी पड़ता देख नक्सली जंगल का आड़ लेकर भागने लगे। बताया जा रहा है कि गोली बारी में दो नक्सली घायल हुए जिन्हे उनके साथी लेकर भागने में सफल रहे। सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ स्थल से नक्सल सामग्री व अन्य सामान बरामद किया है। मुठभेड़ में सभी जवान सुरक्षित है तथा इलाके में लगातार सर्चिंग की जा रही है।

2 करोड़ के नाली निर्माण में महापौर...

में कार्य किया गया था परंतु यहां पर भी बिना किसी भूमि मालिक के सहमति के बगैर नाला निर्माण का कार्य किया गया था। जिसका खामियाजा नगर निगम को कई वषोंर् तक न्यायालय का चक्कर काटना पड़ा था और भूमि मालिक को लंबी राशि का मुआवजा दिया गया था।

### क्रिकेट में फाइटर क्लब ने...

ही गेंद पर बगैर खाता खोले अब्दुल अनस खान पवेलियन लौटे। वहीं संयम जैन ने 40 गेंद का सामना कर 78 रनों की पारी खेली, जिसमें 8 चौके और 5 छक्के शामिल थे। कप्तान जहां ने 16 गेंद में 31 रन और सौरभ मजूमदार ने 16 गेंद में 33 रन आदित्य सिंह ने 12 गेंद में 25 रन का योगदान देते हुए टीम का स्कोर 235 रनों तक पहुंचा। 236 रनों का पीछा करने उतरे पुसपाल की टीम केवल 16 ओवरों में ही 97 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। जिसमें सलामी बल्लेबाज गौरव ने 25 गेंद में 34 रन और लाल नायक ने 35 गेंद में 26 रनों का योगदान दिया। बीआईओसी के आलोक राठौर ने 4 ओवरों में 23 रन देकर 4 विकेट लिए। वहीं अब्दुल अनस 3 ओवर में 24 रन देकर 2 विकेट लिए।

### जनता यूनियन की मांग पर...

अनुरोध किया। जिस पर बेहद सकारात्मक रूख अपनाते हुए कंपनी प्रशासन द्वारा उक्त आदेश जारी किया। जनता यूनियन के प्रांतीय महासचिव अजय बाबर, संगठन सचिव अवधेश साहू, प्रांतीय कोषाध्यक्ष सोहनलाल धीवर, कार्यालय सचिव कान्हा कौशिक ने समस्त विद्युत कर्मचारियों को दीवाली की बधाई देते हुए कहा कि जनता यूनियन सदैव कर्मचारी एवं कंपनी के हित को सर्वोपरि रखते हुए कर्मचारी समस्याओं के शांति पूर्ण समाधान हेतु सजग एवं सतत रूप से प्रयत्नशील है।

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), लोहण्डीगुड़ा, जिला बस्तर, (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. - 202410152700003/अ-2/2024-2025

सुरेन्द्र सिंह कश्यप पिता नड़गुराम आयु 50 वर्ष जाति मुरिया सा. ग्राम बाघनपाल तहसील लोहण्डीगुड़ा.........................................आवेदक

विरूद्ध

छ.ग. शासन.........................................अनावेदक

**ईश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुरेन्द्र सिंह कश्यप पिता नड़गुराम आयु 50 वर्ष जाति मुरिया सा. ग्राम बाघनपाल तहसील लोहण्डीगुड़ा के द्वारा ग्राम चित्रकोट के प.ह.क्रं-12 चित्रकोट में स्थित खसरा क्रमांक 1732/5 रकबा 0.0500 हे. क्रय-विक्रय के माध्यम से अपने स्वामीत्व भूमि का खसरा न. 1732/5 रकबा 0.0500 हे. में से रकबा 0.0500 हे. को आवासीय हेतु कृषि भिन्न प्रयोजन से परिवर्तित करने हेतु बी-1 नक्शा, खसरा, साईट प्लान ब्ल्यू प्रिंट, शपथ पत्र, तलवाना फार्म, रजिस्ट्री पेपर एवं विक्रय अनुमति सहित आवेदन पत्र इस न्यायालय में धारा 172 छ.ग. भू.रा. संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः यदि कोई व्यक्ति/अधिवक्ता के माध्यम से अपना दावा, विधिवत प्रारूप तथा आवश्यक दस्तावेज के साथ कार्यालयीन समय में अनुविभागीय अधिकारी, राजस्व लोहण्डीगुड़ा के कार्यालय में दिनांक 30/10/2024 शाम 5.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर के साथ उद्घोषणा जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा)
लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर













विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

तापमान

अधिकतम 31.8 डिग्री

न्यूनतम 22.4 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, शनिवार 26 अक्टूबर 2024

10 29 प्रतिष्ठानों से खाद्य एवं औषधि प्रशासन...



12 5 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन व रैली...





## खबर संक्षेप

### सनातनी हिंदू समाज की बैठक आज

**जगदलपुर।** डॉ.पाल दिनाकरण की होने वाले धर्मसभा का विरोध करने सनातनी हिन्दुओं की बैठक 26 अक्टूबर को सीताराम शिवालय में सुबह 11 बजे रखी गई है। बताया गया कि 8, 9, 10 नवंबर को मसीही समाज की धर्म सभा शहर में होना है। दशरथ कश्यप, रवि ब्रम्हचारी, शंकर लाल गुप्ता, नवीन देवांगन, योगेन्द्र कौशिक व राजाराम तोड़ेम ने संयुक्त बयान में कहा कि इस कार्यक्रम को रद्द कराना है। इसके लिए हिन्दू समाज को एक होकर पुरजोर विरोध करना होगा।

### जमीन विवाद पर बहू की पिटाई बड़ेपापा के खिलाफ मामला दर्ज

**कांकेर।** जमीन को बेचने की बात को लेकर आरोपी ने अपनी बहू को गाली देते हुए हाथ मुक्का व पत्थर से हमला कर घायल कर दिया। घायल महिला ने घटना की जानकारी अपने बेटे को दिया, जिसके बाद महिला के बेटे ने कोरर थाना में मारपीट करने अपने बड़े पिता के खिलाफ मामला दर्ज कराया। कोरर थाना में शिकायत करने पहुंचे कन्हारपुरी निवासी 23 वर्षीय लालचंद नाग पिता गजानंद ने पुलिस को बताया कि मेरे बड़े पापा का खेत हमारे खेत के आसपास लगा हुआ है। मेरी माँ सतरूपा बाई नाग 21 अक्टूबर को खेत में काम करने गई थी और खेत में काम कर रही थी।

### माड़पाल को दो पंचायत में बांटने सीईओ से गुहार



**जगदलपुर।** बस्तर जिले के कई जनपदों में अनेक ग्राम पंचायतें ऐसीं हैं, जहां सरपंच, सचिव से मिलने उसी गांव के पारा में रहने वालों को 3 से 5 किमी तक की दूरी तय करनी पड़ती है। वहीं आबादी और पारा की जनसंख्या के हिसाब से ग्राम पंचायत का क्षेत्रफल और आबादी अधिक है। ऐसा ही जगदलपुर जनपद का एक बड़ा ग्राम पंचायत है माड़पाल, जहां पारा भी ज्यादा है और जनसंख्या भी। यहां के ग्रामीण जगदलपुर के आड़ावाल में स्थित जनपद कार्यालय पहुंचकर सीईओ से मिले और उन्हें आवेदन देकर माड़पाल को दो पंचायत में बांटने की गुहार की। ग्रामीणों का कहना है कि सरपंच, सचिव से मिलने दूर जाना पड़ता है ऐसे में माड़पाल 1 और 2 दो पंचायत होने से ग्रामीणों को सुविधा मिलेगी। सीईओ अमित भाटिया ने कहा कि ग्राम पंचायत को दो भाग में बांटना हाल फिलहाल संभव नहीं है क्योंकि आने वाले 2-3 महीने में नगरीय निकाय के साथ पंचायत चुनाव भी होना है। पंचायत चुनाव खत्म होने के बाद आप लोग ग्रामसभा में इसका प्रस्ताव पारित कर जनपद में भेंजे उसे जिला प्रशासन को भेज देंगे। उसके बाद शासन स्तर पर उसका निर्णय होगा। माड़पाल से पहुंचे ग्रामीण निराश होकर लौट गए।

### जनता यूनियन की मांग पर विद्युत कर्मियों को दिवाली पूर्व मिलेगा बोनस

**जगदलपुर।** विद्युत कर्मचारियों के सबसे बड़े संगठन जनता यूनियन द्वारा दीपावली पर सिलिंग रहित 8.33 फीसदी बोनस महंगाई भत्ता एवं हाउस रेंट अलाउंस तथा कर्मचारियों के पदोन्नति आदेश जारी करने हेतु कंपनी प्रशासन से लगातार किए जा रहे पत्राचार के फलस्वरुप छत्तीसगढ़ के समस्त विद्युत कर्मचारियों को 12000 रुपए बोनस, एक्सग्रेसिया, 3 फीसदी महंगाई भत्ता एवं एक फीसदी हाउस रेंट अलाउंस का भुगतान 28 अक्टूबर तक करने हेतु आदेश जारी कर किया गया। जनता यूनियन के प्रतिनिधि मंडल ने विद्युत कंपनी के अध्यक्ष एवं एमडी से उनके अंबिकापुर प्रवास के दौरान प्रत्यक्ष भेंट करके कर्मचारियों की लंबित मांगों को जल्द पूरा करने के लिए ज्ञापन सौंपकर शेष पेज 10 पर

# जान हथेली पर, घर के आंगन पर झूल रहा बिजली का हाईटेंशन तार

**अपने ही आंगन में खतरे में काम करने को मजबूर परिवार, शिकायत के बावजूद बिजली विभाग को बड़ी घटना का इंतजार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

सर्वाधिक नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले के मिरतूर में विद्युत विभाग की घोर लापरवाही सामन आई है। यहां के दो परिवार विद्युत कंपनी की अनसुनी के कारण रोजाना जान हथेली पर रखकर अपने ही घर के आंगन में घूमने और घरेलू काम काज करने को मजबूर हैं। क्योंकि इन दो घरों के आंगन से होकर हाई टेंशन बिजली का तार गुजरता है। वह बच्चों और लोगों की पहुंच में है, इसके चलते कभी भी बड़ी घटना घट सकती है। मिली जानकारी के अनुसार भैरमगढ़ ब्लॉक के मिरतूर थाने के ठीक सामने परानु कड़ियाम और प्रेम कडियम का मकान है। इन दोनों मकानों के ऊपर से हाई टेंशन बिजली तार गुजरता है। परंतु इस साल बरसात के दिनों में तेज हवा पानी के कारण यह हाई टेंशन तार अब दोनों ही घरों के आंगन से झूलता हुआ गुजर रहा है। यह हाईटेंशन तार आंगन में इतने करीब आ चुका है कि, घूमता हुआ कोई भी व्यक्ति कभी भी तार की चपेट में आ सकता है।

**एई, जेई को देंगे निर्देश**

विद्युत कंपनी बीजापुर के कार्यपालन अभियंता डीआर उर्वसा ने इस संबंध में बताया कि इसके लिए क्षेत्र के सहायक एवं कनिष्ठ अभियंता को निर्देश दिया जा रहा है।



**शिकायतों पर ध्यान नहीं दे रहा विभाग**

*इस खतरे को भांपते हुए रोजाना दोनों ही घर के लोग जान हथेली पर रखकर घर में आना-जाना और आंगन में घरेलू कार्य करने को मजबूर हैं। लोगों ने बताया कि, कई बार इस मामले में विद्युत विभाग को सूचना भी दी गई और शिकायत भी दर्ज कराई गई। बावजूद आज तक विभाग इस मामले को गंभीरता से लेने के बजाय लापरवाह बना हुआ है। इसके चलते आने वाले दिनों में कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है या फिर तार की चपेट में आने से किसी न किसी की जान भी जा सकती है।*

## आक्रोश: ग्रामीणों ने ठेकेदार से लिखित में लिया जल्द बनाएंगे रोड

# दंतेवाड़ा से बचेली सड़क के लिए चक्का जाम, थाने में ठेकेदार पर भड़के ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा

खराब सड़क को लेकर शुक्रवार सुबह गांव के लोग भांसी में चक्काजाम कर रोड में बैठ गए। जिसके चलते सड़क के दोनों ओर गाड़ियों की लम्बी कतारें लग गई। मौके पर भांसी थाना प्रभारी पहुंच ग्रामीणों को समझाते हुए मार्ग बहाल करवाये। जिसके बाद भांसी टीआई ने पीडब्ल्यूडी व ठेकेदार को बुलाया। भांसी थाने में पीडब्ल्यूडी के अधिकारी व ठेकेदार के कर्मचारी व ग्रामीणों की बैठक हुई। इस बैठक में ठेकेदार व पीडब्ल्यूडी के ऊपर ग्रामीण जम कर भड़के। रोड को जल्द पूरा करने को लेकर काफी देर बात चीत हुई। जिसके बाद ग्रामीणों ने रोड बनाने वाले ठेकेदार के लोगों से लिखित में रोड निर्माण जल्द पूरा करने लेटर लिया। जिसमें लिखा है कुंदेली मार्ग से दिवाली के बाद डामर का काम चालू कर देंगे। 15 दिन के अंदर काम चालू कर काम में तेजी लाएंगे। बता दें कि दंतेवाड़ा से किरंदुल सड़क का काम चल रहा है, इस रोड का काम एक कंपनी कर रही है। इस ठेकेदार का काम इतना धीरे है कि लोगों का इस रोड पर चलना मुश्किल हो गया है। 2 साल होने जा रहा शेष पेज 10 पर

- कुंदेली मार्ग से दिवाली के बाद होगा शुरू होगा डामरीकरण



**ग्रामीणों सहित ये रहे मौजूद**

इस दौरान भांसी, धुरली, कमेली के ग्रामीण भांसी थाना प्रभारी एमएस लहरे व थाना स्टाप अरविंद कुंजाम, उत्तम पाल, प्रदीप दास, संतोष साहू, उन्नी कृष्णनन, गौरांग पाल, रवि नाग, करण तामो, कृष्णा मंडल, लुभम निर्मल सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

**ग्रामीणों ने कहा- ठेकेदार के लिए अंतिम मौका**

ग्रामीणों ने कहा कि इस ठेकेदार के लिए अंतिम मौका है, लिखित में भी ले लिए है। यदि समय में काम चालू नही हुआ और जल्द रोड कंप्लीट नही हुआ तो रोड में बैठकर पुनः चक्काजाम कर देंगे। अब जो फैसला होगा पंचायत करेगी। जनप्रतिनिधि व प्रशासन इस रोड को लेकर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा यह वहीं रोड है जो देश की नवरत्न कंपनी एनएमडीसी के खदानों में जाती है, जो जिले व राज्य को करोड़ों का फंड देती है।

# अवैध चर्चों को हटाने और ईसाई धर्म को मानने वालों की आरटीआई से लेंगे जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

- सैकड़ों ग्रामीणों की मौजूदगी में विशेष ग्रामसभा में प्रस्ताव किया गया पास
- शव निकालने ग्राम प्रमुखों ने हाईकोर्ट में दिया आवेदन, 4 को होगी सुनवाई

हरिभूमि फालोअप

सुकमा जिले के तोंगपाल थाना क्षेत्र के मारेंगा निवासी पास्टर की मौत के बाद शव को कब्रिस्तान की बजाए दरभा के छिंदावाड़ा पंचायत स्थित आदिवासी समाज के श्मशान में दफनाने के मामले को लेकर शुक्रवार को छिंदावाड़ा में विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया गया। सैकड़ों ग्रामीणों की मौजूदगी में अवैध चर्चों को हटाने व ईसाई धर्म को मानने वालों की आरटीआई से जानकारी लेने विशेष ग्रामसभा में प्रस्ताव पास किया गया। सर्व आदिवासी समाज अध्यक्ष सुखराम कश्यप की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में हाईकोर्ट में दिए गए आवेदन पर सुनवाई का इंतजार करने का निर्णय लिया गया। वकील के माध्यम से मिली जानकारी के मुताबिक 4 नवम्बर को मामले की सुनवाई होने की संभावना है। वहीं बैठक में छिंदावाड़ा क्षेत्र में संचालित चार चर्चों के सबंधं में जानकारी ली जा रही है। ग्राम प्रमुखों का कहना है कि छिंदावाड़ा क्षेत्र में ईसाई धर्म को मानने वालों का लगभग 22 परिवार है लेकिन चर्चों की संख्या चार है। ग्रामसभा में प्रस्ताव पास किया गया कि चारों चर्च की बजाए एक ही चर्च पर्याप्त है। इसलिए अवैध चर्चों को हटाने प्रस्ताव पास किया गया। इसके अलावा क्रिश्चियन धर्म को मानने वालों की जानकारी लेने तथा उनके द्वारा ईसाईधर्म को मानने के बावजूद हिंदू धर्म व आदिवासी होने के नाम पर सरकारी योजनाओं का लाभ लिया जा रहा है। क्षेत्र में ऐसे लोगों की संख्या कितनी है इसकी जानकारी भी आरटीआई से लेने का निर्णय लिया गया है। बहरहाल शव दफनाने के मामले को लेकर 4 नवम्बर तक इतंजार करने का निर्णय लिया गया है। विशेष ग्रामसभा में छिंदावाड़ा के तीन पंचायतों के जनप्रतिनिधि व ग्राम प्रमुखों समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

# पर्यटन की आड़ में तस्करी, तीन लोगों से 4.78 लाख का गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

बस्तर में पर्यटक बनकर पहुंचे एमपी के तीन तस्करों से पुलिस ने लाखों रुपए का गांजा जब्त किया है। तीनों बस स्टैंड के करीब शुलभ शौचालय में बारी- बारी से फ्रेश हो रहे थे, तभी बोधघाट पुलिस ने रेड मारकर गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से 4.78 लाख का गांजा जब्त कर गिरफ्तार करने के बाद जेल भेजा गया। गांजा तस्करी की सूचना पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन एवं सीएसपी आकाश श्री श्रीमाल के पर्यवेक्षण में बोधघाट थाना प्रभारी लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम गठित कर कार्रवाई के लिए रवाना किया गया था। टीम जब नए बस स्टैंड पहुंची तब तीन युवक सुलभ शौचालय में बारी बारी फ्रेश हो रहे थे। टीम द्वारा उन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया। उनके पास रखे पिट्ठू बैग की शेष पेज 10 पर

- शौचालय में हो रहे थे तैयार, तभी पुलिस ने दबोचा



**ओडिशा के तस्कर ने जगदलपुर में दी थी डिलिवरी**

एमपी के सीधी निवासी मुख्य सरगना के कहने पर तीनों तस्करों को जगदलपुर में ओडिशा के तस्कर द्वारा डिलीवरी दी गई थी। जिसे लेकर तीनों आरोपी बस से एमपी जाने की फिराक में थे। लेकिन फ्रेश होने के दौरान पुलिस ने तीनों को दबोचकर गिरफ्तार करने में सफल रही। मामले में पुलिस ओडिशा के तस्कर व एमपी के मुख्य सरगना की तलाश कर रही है।

# कनगलतोंग के जंगल में हुई मुठभेड़, घायल साथियों को लेकर भागे नक्सली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

सुकमा जिले के भेज्जी थाना क्षेत्र स्थित कनगलतोंग के जंगल में नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में दो नक्सलियों के घायल होने की खबर है। जिन्हें उनके साथी साथ में लेकर भागने में सफल रहे। सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए बताया कि गुरुवार को नक्सलियों की कोंटा एवं किस्टाराम एरिया कमेटी सदस्यों के मौजूदगी की सूचना पर डीआरजी व बस्तर फाइटर की संयुक्त टीम ग्राम कंगालतोंग, मैलासुर, बुर्कलंका व गच्चनपल्ली दंतेशपुरम क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना हुई थी। अभियान के दौरान शुक्रवार सुबह ग्राम कंगालतोंग से लगे जंगल-पहाड़ी में पुलिस पार्टी को देखकर नक्सलियों की ओर से फायरिंग शुरू की गई। जवानों ने भी तत्काल मोर्चा संभाल जवाबी फायरिंग की गई। दोनों ओर से रूक रूककर फायरिंग होती रही। इसी शेष पेज 10 पर

- सुकमा जिले के भेज्जी थाना क्षेत्र में किस्टाराम व कोंटा एरिया कमेटी के साथ मुठभेड़

# 2 करोड़ के नाली निर्माण में महापौर की भूमिका संदेह के दायरे में : मौर्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

राजीव भवन में प्रेसवार्ता में बस्तर जिला कांग्रेस के शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कहा कि महापौर सफीरा साहू के कार्यकाल में शहर के अनेक वार्डों में विकास कार्यों में भ्रष्टाचार हुआ है। नाला निर्माण की स्वीकृति चंद्रशेखर वार्ड का और कार्य का नक्शा लाल बहादुर शास्त्री वार्ड का बना हुआ है। इस बात का प्रमाण है कि इस नाला निर्माण में जनता के 1 करोड़ 99 लाख रुपए पानी में बह गए। बिना किसी कार्ययोजना और एमआईसी में प्रस्ताव लाए किस नियम के तहत महापौर यह निर्माण करवा रही है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे का हल नहीं निकलेगा तो कांग्रेस पार्षदों के साथ नगर निगम का घेराव कर उग्र आंदोलन करने बाध्य होगी। निगम में उपनेता प्रतिपक्ष राजेश राय ने कहा कि महापौर राजनीतिक द्वेषपूर्ण भावना से कार्य कर रही है। बिना किसी जांच व बिना निजी भूमि मालिकों के सहमति से नाला निर्माण की स्वीकृति कैसे प्रदान की गई है। अगर ली गई है तो उक्त निर्माण की सहमति पत्र क्यों नहीं पेश किया गया। पूर्व में भी विद्याज्योति स्कूल से चित्रकोट रोड के नाला निर्माण शेष पेज 10 पर

- कांग्रेस शहर अध्यक्ष और उपनेता प्रतिपक्ष ने लगाए कई आरोप




**ये रहे मौजूद**

पत्रवार्ता में पार्षद सूर्यापानी, सुखराम नाग, कोमल सेना, बी.ललिता राव, जाहिद हुसैन, अनुराग महतो, संदीप दास, एस नीला, शादाब अहमद, उस्मान रजा, खिरेंद्र यादव समेत कार्यकर्ता मौजूद थे।

## स्टेडियम में खेले गए दूसरे मुकाबले को बीआईओसी ने जीता

# क्रिकेट में फाइटर क्लब ने तोकापाल को हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

कालीपुर के सुभाष चन्द्र बोस टर्फ क्रिकेट स्टेडियम में स्व. रतन टाटा के स्मृति में क्रिकेट स्पर्धा में शुक्रवार को दो मैच खेले गए। पहले मैच में तोकापाल के सलामी बल्लेबाज पतीराम सेठिया और अमन वर्मा ने पहले विकेट के लिए 42 रनों की साझेदारी 6 ओवर में की। टीम का पहला विकेट पतीराम सेठिया को डूमेंद्र ठाकुर ने 18 रनों पर आउट कर पवेलियन भेजा। वही दूसरे सलामी बल्लेबाज अमन वर्मा 31 गेंद में 25 रन बनाकर यश की गेंद पर टीनू ठाकुर को आसान सा केच थमा बैठे। इसके बाद बल्लेबाजी के लिए उतरे जम्मू केवल 9 रन बनाकर और निचले क्रम के बल्लेबाज सनी डेविड ने तूफानी पारी खेलते हुए 24 गेंद में 41 रन बनाकर टीम का स्कोर 20 ओवर में 149 रनों तक पहुंचा। 150 रनों का लक्ष्य का पीछा करने उतरे फाइटर क्लब की शुरुआत खराब रही। सलामी बल्लेबाज आशुतोष केवल 5 रन बनाकर पेवेलियन लौटे। सुनील यादव ने उन्हें अमन वर्मा के हाथों कैच आउट करवाया। टीम के दूसरे सलामी बल्लेबाज आयुष बरला ने तूफानी पारी खेलते हुए केवल 19 गेंद में 31 रन बनाकर जम्मू की गेंद पर आउट हुए। आदित्य 35 रन और निचले क्रम में डूमेंद्र ठाकुर ने केवल 22 गेंद का सामना कर 42 रनों की नाबाद पारी खेल कर टीम को जीत की दहलीज पर पहुंचाया। टोनी बरला ने भी 12 गेंद में 16 रनों का नाबाद योगदान दिया। दूसरे मुकाबले में बीआईओसी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बीआईओसी के अब्दुल अनस खान और संयम जैन बल्लेबाजी करने के लिए मैदान में उतरे। मैच के पहले शेष पेज 10 पर



**धर्मेंद व आलोक मैन ऑफ दी मैच**

*आज के पहले मैच के मैन ऑफ द मैच धर्मेंद ठाकुर और दूसरे मैच के मैन ऑफ द मैच आलोक राठौर रहे।*

## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124

खबर संक्षेप

## डिजनीलैण्ड मीना बाजार 28 अक्टूबर तक



**जगदलपुर।** राजमहल परिसर में मनोरंजन का केन्द्र बिन्दु बन चुका डिजनीलैण्ड मीना बाजार 28 अक्टूबर तक ही चलेगा। संचालक ने बताया कि 29 अक्टूबर को धनतेरस व इसके बाद दीपावली का त्यौहार मनाने में बाजार के व्यापारी भी शरीक होंगे। जिसके कारण मीना बाजार को 28 तक ही चलाया जाएगा। मीना बाजार को भव्यता देने इस बार आयोजकों ने इंडरनेशनल फिश टनल, सुनामी झूला, फिसबी झूला, कटर पिलर, मौत का कुआं एवं स्क्रीन टावर झूले लगाए गए हैं जो लोगों को रोमांचित कर रहे हैं। इसी तरह मीना बाजार में देश के हेंडलूम क्रॉफ्ट का विशाल स्टॉल लगाया गया है जहां लोगों को उनकी मनपसंद चीजें मिलेंगी।

### मांगें समय पर पूर्ण नहीं हुई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा

# 5 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन व रैली निकाल कर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के बैनर तले प्रांतीय आह्वान पर अपनी 5 सूत्रीय मांगों को लेकर 24 अक्टूबर को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन, रैली निकालकर जिला कलेक्टर जिला सुकमा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के प्रांतीय आह्वान पर जिला सुकमा के शबरी ऑडिटोरियम के सामने एक दिवसीय धरना, प्रदर्शन, रैली एवं ज्ञापन सौंपा गया।

जिसमें प्रमुख मांग सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति दूर करने, क्रमोन्नति समयमान वेतनमान प्रदाय किये जाने, पूर्व की सेवा अवधि की गणना की जाए, देय तिथि से महंगाई भत्ता सहित एरियर्स की राशि दिये जाने एवं पुरानी पेंशन योजना का लाभ दिया जाए आदि शामिल है। उक्त सभी मांगों को शीघ्र पूरा करने एवं मोदी की गारंटी घोषणा पत्र अनुरूप शीघ्र पूरा किए जाने की बात ज्ञापन में कही।



संघर्ष मोर्चा के जिला संयोजक आशीष राम, धीरेन्द्र मांझी ने कहा शिक्षकों की सभी मांगें जायज है। यदि हमारी मांगें समय पर पूर्ण नहीं हुई तो और उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी जवाबदारी शासन-प्रशासन की होगी।

वहीं ब्लॉक अध्यक्ष सुकमा राजेन्द्र प्रसाद सिन्हा ने पेंशन योजना का लाभ 33 वर्ष के बजाय 20 वर्ष कर पूर्ण पेंशन का लाभ देने सरकार से गुहार लगाई।

धरना प्रदर्शन में प्रांतीय पदाधिकारी राजेश कुमार यादव, उमेन्द्र सिंह गोटी, जिला सचिव किरण मरकाम, जिला उपाध्यक्ष नूप्पो भीमा एवं अनुपमा नाग, दूजाल पटेल, हरदेव मरकाम ,ब्लॉक अध्यक्ष रामसिंह नायक, जोगा कवासी, लोमन, मुकेश कश्यप, राजेश बोगो, हूंगा बारसे, सोमारु कलमु, अशोक जैन, अन्नू नेताम, अलबर्ट टोप्पो, गंगाधर राणा, बहादुर सिंह मंडावी, छोटेलाल नेताम, सत्यवान ओटी सहित सैंकड़ों शिक्षक-शिक्षिका आन्दोलन में उपस्थित रहे।

## संघ ने सेवानिवृत्त शिक्षकों को दी विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

विकासखंड दरभा में विगत दिनों पांच शिक्षकों के सेवानिवृत्त होने पर शिक्षक संघ इकाई दरभा के द्वारा विदाई एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम नेगानार में गत दिवस आयोजित किया गया।

जिसमें सेवानिवृत्त शिक्षक दामूदर बघेल प्रधान अध्यापक माध्यमिक शाला चिखलकोंटा, सोमारु राम कौशिक प्रधान अध्यापक मंगलपुर, राजरानी किसपोट्टा प्रधानाध्यापक माध्यमिक शाला लेंड्रा, केएस सोम प्रधानाध्यापक तीरथगढ़ एवं राजेश उपाध्याय व्याख्याता एवं पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी दरभा को शिक्षक संघ के समस्त पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित होकर स्मृति चिन्ह एवं शॉल श्रीफल से उनका सम्मान किया। इस दौरान सेवानिवृत्त शिक्षकों ने अपने सेवाकाल के दौरान आने वाली समस्याओं एवं समाधान के विषय अपने-अपने अनुभव साझा किये।

संघ के अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारियों ने अपने वक्तव्य में कहा कि शिक्षक की राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका होती हैं और आपके सेवा काल के अनुभव का मार्गदर्शन हमेशा शिक्षकों के साथ बना रहें। उनके उज्वल भविष्य एवं अच्छे स्वास्थ्य के लिए सभी शिक्षकों ने कामना किया। इसके साथ ही पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी राजेश उपाध्याय ने कहा कि हम सदैव शिक्षा के लिए समर्पित होकर कार्य करें एवं हमारा मार्गदर्शन हमेशा शिक्षकों को मिलता रहेगा।




## कोसा एवं काटन वस्त्र प्रदर्शनी को मिल रहा अच्छा प्रतिसाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

हाथकरघा विभाग द्वारा 21 अक्टूबर से शुरू हुई कोसा एवं काटन वस्त्र प्रदर्शनी सह विक्रय का स्टाल बचेली दंतेवाड़ा में चल रहा है, जिसमें लोगों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। नोडल अधिकारी रमेश कुमार ने बताया कि यह प्रदर्शनी ग्राम उद्योग (हाथकरघा) संचालनालय के सहयोग से संचालित हो रही है। जिसके आयोजक जिला हाथकरघा कार्यालय जगदलपुर है। इस प्रदर्शनी का समापन 27 अक्टूबर को होगा। इस प्रदर्शनी में महामहिम राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कार प्राप्त बुनकरों द्वारा निर्मित सामग्री मुख्य आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है। सिल्क एवं कॉटन के आकर्षक हेण्डलूम आईटम,



उत्कृष्ट कलात्मक कोसा साड़ियां, कोसा मलमल, कोसा ड्रेस मटेरियल, कोसा सल्वार सूट, सुती साड़ियां, दुपट्टा, सर्टिंग, बेडशीट, पिलोकवर, लुंगी, टावेल, नेपकिन, कुर्ता-पजामा, गमच्छा, नेहरू जैकेट और भी बहुत कुछ उपलब्ध है।

## शहीदों की स्मृति में क्रिकेट स्पर्धा

**बकावंड।** शहीदों की स्मृति एवं सम्मान में बकावंड ब्लॉक यंग स्टार क्लब एवं बस्तर ईलेवन द्वारा अमर शहीद कप अंतर्राज्यीय रेड टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता 2024 का आयोजन इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम हाई स्कूल ग्राउंड बकावंड में किया जा रहा है। जिसमें शहीदों के परिवार के लोग एवं बस्तर पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा, जिला पंचायत सदस्य सरिता जितेंद्र पाणिग्रही, जनपद पंचायत अध्यक्ष धनुर्जय कश्यप, मछुआरा संघ उपाध्यक्ष मधु निषाद, सरपंच कलावती बघेल मौजूद थे। इस दौरान यंगस्टर क्लब क्रिकेट खिलाड़ियों एवं बकावंड ब्लॉक के ग्रामीणों ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी।







